जनाजा लेकर उफनता नाला पार करने की मजबूरी

अब तक नहीं हुई ठोस कार्रवाई

गंज टोला में सामने आई थी गंभीर समस्या, ग्रामीणों को गले तक पानी में उतरकर कब्रिस्तान पहुंचना पड़ा

नव भारत फालोअप

उफनती नदी पार कर कब्रिस्तान पहुंचा जनाजा

गणेशगंज पंचायत के गंज टोला में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, बुजुर्ग की मौत के बाद सामने आई हृदय विदारक तस्वीर

गणेशगंज नवभारत। जनपद पंचायत लखनादौन अंतर्गत ग्राम पंचायत गणेशगंज के गंज टोला में मूलभूत सुविधाओं के अभाव का एक हृदय विदारक मामला सामने आया है। सोमवार को गंज टोला निवासी करीब 70 वर्षीय नईम खान का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार के लिए परिजनों और ग्रामीणों को द्वारा जनाजा लेकर उफनती नदी पार कर कब्रिस्तान तक पहुंचना पड़ा।

बताया जाता है कि गंज टोला में मुस्लिम समुदाय की बड़ी आबादी निवास करती है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार यहां करीब 400 से अधिक लोग रहते हैं। इसके बावजूद ग्रामीणों को आज भी आवागमन सहित कई मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानियों का

सोमवार को नईम खान के निधन के बाद जब उनका जनाजा कब्रिस्तान ले जाने की बारी आई तो ग्रामीणों के सामने नदी पार करने की चुनौती खड़ी हो गई। बारिश के कारण नदी उफान पर थी, इसके बावजूद परिजन और ग्रामीण जान

नदी पार करने को मजबूर हुए। इस दौरान सामने आई तस्वीरें क्षेत्र की बदहाल व्यवस्था को उजागर करती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सामान्य दिनों में भी नदी पार कर कब्रिस्तान पहुंचना मुश्किल होता है, जबकि बारिश के मौसम में

ग्रामीणों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए कब्रिस्तान तक पहुंचने के लिए स्थायी और सुरक्षित मार्ग की व्यवस्था कराने तथा नदी पर पुल-पुलिया निर्माण कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी को अंतिम संस्कार के लिए इस तरह का जोखिम का सामना न करना पड़े।

ग्रामीणों ने उठाई स्थायी रास्ते की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि गंज टोला में आवागमन के लिए सुरक्षित रास्ता और नदी पर उचित व्यवस्था नहीं होने से उन्हें लंबे समय से परेशानी उठानी पड़ रही है। सबसे दुखद स्थिति तब बनती है जब किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है और अंतिम संस्कार के लिए भी परिवार को जोखिम उठाकर नदी पार करनी पड़ती है।

इनका कहना है

ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में भी इसके लिए आवेदन किया गया था तथा अभी एक माह पूर्व भी नाला के लिए आवदेन किया गया है। यह बड़ा काम है जो पंचायत नहीं कर सकती इसे विभागीय स्तर पर स्वीकृत मिलेगी तब ही बनेगा। हालांकि गंज पहुंच सीसी सड़क मार्ग स्वीकृत हो गया है दो माह बाद उसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

बलराम यादव सचिव,

गणेशगंज नवभारत। लखनादौन जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गणेशगंज के गंज टोला में विगत माह सामने आया जनाजा लेकर उफनते नाले को पार करने का मामला अब तक किसी ठोस समाधान तक नहीं पहुंच सका है। वृद्ध की मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजन एवं ग्रामीणों को उफनते नाले में गले तक पानी पार कर कब्रिस्तान पहुंचना पड़ा था। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो स्थानीय जागरूक युवाओं द्वारा बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया था, जिसके बाद मामला चर्चा में आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नवभारत द्वारा लगातार जनहित में खबरों का प्रकाशन कर संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जा रहा है। बावजूद इसके ग्रामीणों के अनुसार अभी तक समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई संतोषजनक कार्रवाई सामने नहीं आई है।

गंज टोला और कब्रिस्तान के बीच स्थित नाला बारिश के दिनों में उफान पर आ जाता है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से अंतिम संस्कार जैसे आवश्यक कार्य के दौरान रास्ते की यह समस्या बेहद गंभीर रूप ले लेती है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने तक ऐसी परिस्थितियां दोबारा उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है। जबकि हमारे द्वारा समस्या समाधान हेतू कलेक्टर से लेकर सांसद तक आवेदन ,निवेदन कर गुहार लगाई गई है।

सांसद से मांगा गया जवाब, कैमरे में जताई नाराजगी

इसी मामले को लेकर स्थानीय पत्रकारों द्वारा सिवनी-मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया। इस दौरान सांसद नाराज नजर आए। लाइव कैमरे के सामने उन्होंने कहा कि पत्रकार उनकी कमियां निकालते हैं और उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना नहीं करते। अब जो गंभीर मामले है उस पर सवाल पूछना तो बनता हैं आख़िर जनता ने चुनकर महोदय को कुर्सी में जो बैठाया है। हालांकि, ग्रामीणों की मुख्य समस्या गंज टोला से कब्रिस्तान तक सुरक्षित आवागमन तथा उफनते नाले पर पुल बनाया जाकर स्थायी समाधान को लेकर है परंतु अबतक कोई स्पष्ट एवं संतोषजनक जवाब सामने नहीं आया। जब तक उपरोक्त गंभीर मामले में शासन प्रशासन कोई ठोस व स्थाई समाधान नहीं निकाल देते तब तक नवभारत इस जनसमस्या को लेकर लगातार फॉलोअप करता रहेगा।

इनका कहना है

उक्त मामला हमारे ध्यान में आया है, कलेक्टर महोदया ने भी मामले में तत्काल संज्ञान लिया था जिसके बाद टीम गठित कर मौके पर भेजा था जिसमें तहसीलदार भी शामिल थे , नाले में लगभग 50 लाख से अधिक का पुल बनना है जिस पर कार्यवाही चल रही है,तथा एक वैकल्पिक मार्ग जिसकी प्लानिंग भी की गई है जिसमें समाधान शीघ्र होगा फ़िलहाल उसमें प्रयास किया जाएगा।

अंजली शाह
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत सिवनी

ग्रामीणों का ऐलान : पुल नहीं तो वोट नहीं!

पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक करेंगे बहिष्कार धनई नदी पर पुल की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीण एकजुट

उगली/ पांडिया छपारा नवभारत। सिवनी जिले के जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत बनाथर के ढूटी में धनई नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर रविवार को सैकड़ों ग्रामीण एकजुट हुए। ग्रामीणों ने पुल निर्माण की मांग को लेकर अपनी नाराजगी जताई और पंचायत, विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों के बहिष्कार का ऐलान किया। ग्रामीणों ने साफ कहा कि पुल नहीं तो वोट नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि धनई नदी पर पुल निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है। बारिश के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है।

बारिश में चार महीने तक आवागमन में परेशानी

ग्रामीणों के मुताबिक, बरसात के दौरान धनई नदी का जलस्तर बढ़ जाता है। इससे ग्राम पंचायत बनाथर के गुरेरा रैयत और गुरेरा माल क्षेत्र के लोगों का आवागमन प्रभावित होता है। ग्रामीणों को करीब चार महीने तक आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुल नहीं होने के कारण लोगों को बाजार, अस्पताल और अन्य जरूरी कामों के लिए नदी पार करनी पड़ती है। कई बार उन्हें अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती है। वहीं, स्कूली बच्चों को भी नदी पार कर स्कूल जाना पड़ता है।

मांग पूरी नहीं हुई तो भूख हड़ताल की चेतावनी

ग्रामीणों ने कहा कि यदि धनई नदी पर पुल निर्माण की दिशा में जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। ग्रामीणों ने भूख हड़ताल करने की चेतावनी भी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि अब केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा। यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई, तो वे पंचायत, विधानसभा और लोकसभा चुनावों के बहिष्कार के अपने फैसले पर कायम रहेंगे। अब देखना होगा कि धनई नदी पर पुल की मांग को लेकर ग्रामीणों के इस ऐलान के बाद प्रशासन, विधायक रजनीश सिंह ठाकुर और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की ओर से क्या कदम उठाया जाता है।

विधायक -सांसद से ग्रामीणों का सवाल- पुल कब बनेगा?

ग्रामीणों का कहना है, कि चुनाव के समय विकास के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव के बाद उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। ग्रामीणों ने केवलारी विधायक रजनीश सिंह ठाकुर और मंडला लोकसभा क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते से सवाल किया है, कि धनई नदी पर पुल निर्माण के लिए ठोस कदम कब उठाया जाएगा? ग्रामीणों ने कहा कि अब उन्हें सिर्फ आश्वासन नहीं चाहिए। वे चाहते हैं कि पुल निर्माण की दिशा में काम शुरू हो और उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो। पुल की मांग को लेकर महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और स्कूली विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर पुल निर्माण की मांग उठाई।

इनका कहना है...

धनई नदी में पुल के न होने से हमारे ग्राम पंचायत के लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है, चार माह लगभग पां.छपारा से संपर्क टूट जाता है,स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षकों को समस्या का सामना करना पड़ता है,दार्शनिक स्थल ढूटी बांध जलाशय पर्यटक दृष्टि कोण से बहुत रमणीक स्थल है, लेकिन पुलिया नहीं होने से पर्यटक यहां नहीं पहुंच पाते जिसकी वजह से हमारी ग्राम पंचायत में रोजगार के रास्ते लगभग बंद है, शीघ्र पुल निर्माण यदि हो जाए तो हमारे ग्राम पंचायत के युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

जितेन्द्र ठाकरे, सरपंच ग्राम पंचायत बनाथर

एक नजर में

पंचमुखी हनुमान मंदिर वार्ड नंबर 6 में आज देवी जागरण

बरघाट। नगर के वार्ड क्रमांक 6 पंचमुखी हनुमान मंदिर गणेश उत्सव समिति के द्वारा 21 सितंबर को रात्रि 8:00 बजे से भव्य देवी जागरण कार्यक्रम रखा गया है। समिति द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि राधा रानी ग्रुप-चीकू महाकाल द्वारा आज बरघाट नगर में समिति के आह्वान पर देवी जागरण कार्यक्रम संपन्न होगा। इसमें गायिका ममता सिवनी ,गायक आशीष गोंदिया एवं अन्य गायक - गायिका के द्वारा भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी जाएगी। देवी जागरण में राधा कृष्ण की विशेष झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी।

चंदनवाड़ा खुर्द में विराजे शंकर स्वरूप श्री गणेश

चंदनवाडा खुर्द। ग्राम चंदनवाड़ा खुर्द में भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा विराजमान की गई है। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को शंकर स्वरूप में आकर्षक रूप से सजाया गया है, जो ग्रामीणों एवं आसपास के श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतिमा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं। गणेशोत्सव को लेकर गांव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। प्रतिदिन भगवान श्री गणेश की आरती एवं पूजा-अर्चना में श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं। शंकर स्वरूप में विराजमान भगवान श्री गणेश की मनमोहक प्रतिमा श्रद्धालुओं के बीच आस्था और आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

आज होगी आंशिक जलापूर्ति

सिवनी। बायपास सिवनी में मेन लाइन मे लीकेज होने के कारण (जिसका मरममत कार्य जारी है) नगरीय क्षेत्र में स्थापित टंकियों में पानी आना बंद हो गया है। इस कारण नगर की उच्च स्तरीय टंकियां से जुड़े क्षेत्रों में दिनांक 21/09/2026 को आंशिक जलापूर्ति की जावेगी।

लिपिकों की कमी से जूझ रहा शिक्षा विभाग, बीईओ कार्यालय में सिर्फ 2 लिपिक

सिवनी नवभारत। शिक्षा विभाग में लिपिको की भारी कमी के कारण शिक्षकों के वित्तीय प्रकरणों के निराकरण में विलंब हो रहा है। सिवनी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मात्र दो लिपिक हैं। जिले के सबसे बड़े ए ई ओ कार्यालय प्राचार्य महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला लिपिक विहीन हो गया है। जिले में शिक्षकों की संख्या के अनुसार सबसे बड़े विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिवनी में मात्र दो लिपिक कार्यरत है। इस कार्यालय में तीन पद रिक्त हैं। कुछ महा पूर्व छपारा विकासखंड से इस कार्यालय में दो लिपिकों को संलग्न किया गया था। शासन की नई नीति संलग्नीकरण समाप्ति के कारण उन्हें वापस छपारा भेज दिया गया है। लिपिकों की कमी के कारण इस कार्यालय के अंतर्गत आने वाले प्राचार्य, शिक्षकों व अन्य कार्यालय कर्मचारियों के वित्तीय प्रकरण के निराकरण में अनावश्यक विलंब हो रहा है। सिवनी विकासखंड के सबसे बड़े ए ई ओ कार्यालय प्राचार्य महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी लिपिक विहीन हो गया है। फरवरी 2026 में यहां कार्यरत लिपिक श्री प्रमोद कुमार तिवारी की सेवा निवृत्ति के उपरांत कोई भी नियमित लिपिक पदस्थ नहीं किया गया है। कुछ माह पूर्व छपारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से इस कार्यालय में एक लिपिक संलग्न किए गए थे। अब उनका संलग्न कारण समाप्त कर दिया गया है। इस कार्यालय में लिपिक ना होने के कारण कार्यरत व सेवानिवृत शिक्षकों के वित्तीय प्रकरणों में अनावश्यक विलंब हो रहा है। उल्लेखनीय है कि शासन की नई नीति के अनुसार अप्रैल 2026 में संकुल प्राचार्य व्यवस्था समाप्त कर कुछ संकुलों को मिलाकर एक ई ओ कार्यालय की स्थापना की गई है। सिवनी नगर में प्राचार्य महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्राचार्य नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी को ए ई ओ कार्यालय बनाया गया है।

अधिवक्ता निर्मल यादव एवं अमित राजा यादव की पैरवी से आयुष सीत्कारे हत्या के आरोप से दोषमुक्त

सिवनी नवभारत। विशेष प्रकरण क्रमांक SCATR 178/2021 में अभियुक्त आयुष सीत्कारे के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 302, 201 एवं 120-B, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1)(r) एवं 3(1)(s) तथा आर्म्स एक्ट, 1959 की धारा 25 के अंतर्गत अभियोग का विचारण किया गया। प्रकरण में अभियुक्त आयुष सीत्कारे की ओर से अधिवक्ता निर्मल यादव एवं अधिवक्ता अमित राजा यादव द्वारा बचाव पक्ष की पैरवी की गई। विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा प्रस्तुत मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यों, गवाहों के कथनों तथा अन्य अभिलेखों का विधि के अनुरूप परीक्षण एवं प्रतिपरीक्षण किया गया। बचाव पक्ष की ओर से प्रकरण के तथ्यात्मक एवं विधिक पहलुओं पर न्यायालय के समक्ष तर्क प्रस्तुत किए गए। प्रकरण की सुनवाई पूर्ण होने के उपरांत माननीय श्री गालिब रसूल जी, विशेष न्यायाधीश, सिवनी, मध्यप्रदेश द्वारा पारित निर्णय के माध्यम से अभियुक्त आयुष सीत्कारे को अभियोजन द्वारा लगाए गए आरोपों से दोषमुक्त किया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता निर्मल यादव एवं अमित राजा यादव ने कहा कि प्रत्येक अभियुक्त को निष्पक्ष विचारण तथा विधि के अनुसार अपना बचाव प्रस्तुत करने का अधिकार है। अधिवक्ता का दायित्व न्यायालय के समक्ष उपलब्ध तथ्यों, साक्ष्यों एवं विधिक आधारों को प्रस्तुत करना है।

कुचबुंदिया मोहल्ले में पांच सौ क्विंटल महुआ लाहन नष्ट

छह थानों की पुलिस ने एक साथ की कार्रवाई

सिवनी नवभारत। शहर के गंज क्षेत्र स्थित कुचबंदिया मोहल्ले में रविवार को पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई की। छह थानों और रक्षित केंद्र के 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने मोहल्ले और रेलवे ट्रैक के आसपास एक साथ छापा मारा। पुलिस के मुताबिक, कार्रवाई में करीब 400 डिब्बों में लगभग 500 क्विंटल महुआ लाहन मिला। मौके पर 10 भट्टियां, करीब 20 ड्रम और शराब बनाने की दूसरी सामग्री भी मिली। पुलिस ने लाहन और भट्टियां नष्ट कर दीं।

पुलिस के अनुसार, कुचबंदिया मोहल्ले में लंबे समय से कच्ची महुआ शराब बनाए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। सूचना की पुष्टि के बाद रविवार को अलग-अलग स्थानों पर एक साथ कार्रवाई की गई।

पुलिस टीमों ने घरों के आसपास के इलाकों के साथ रेलवे ट्रैक के किनारे भी तलाशी ली। एसपी कृष्ण लाल चंदानी ने रविवार शाम 4:30 बजे कार्रवाई में करीब 500 क्विंटल लाहन मिलने की जानकारी दी। कार्रवाई में कोतवाली, लखनवाड़ा, डूंडासिवनी, बंडोल, महिला थाना, अजाक थाना और रक्षित केंद्र सिवनी का बल शामिल रहा।

पुलिस ने मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस यह पता लगा रही है कि शराब बनाने का काम कौन लोग कर रहे थे और तैयार शराब की सप्लाई किन इलाकों में की जाती थी।

छपारा बस स्टैंड पर स्क्रीन लगाकर देखा गया छात्रों की गूंज कार्यक्रम का इंदौर से सीधा प्रसारण

छपारा नवभारत। नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छपारा के तत्वाधान में स्थानीय बस स्टैंड परिसर में छात्रों की गूंज, युवाओं की आवाज इंदौर में राहुल गांधी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बड़ी स्क्रीन के माध्यम से किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, युवा साथी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ प्रसारण देखा। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुलाब साहू, जिला उपाध्यक्ष जयकेश सिंह, जिला सचिव सिहाब मो. खान, वरिष्ठ कांग्रेसी रवींद्र सिंह, पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह, ब्लॉक महामंत्री चंद्रशेखर श्रीवात्री, कुलदीप सिंह, गजेंद्र गब्बर सिंह, श्याम सुंदर अवधिया, जूजर हुसैन, सेवादल अध्यक्ष रामेश्वर बंजारा, नगर अध्यक्ष पन्ना रजक, भरत जैन, रानू जैन, प्रदीप श्रीवास्तव, लक्ष्मण सिंह, इस्माइल खान, राजकांत सिंह, गोल्डी ठाकुर, प्रशांत श्रीवास्तव, दीपू जैन, सतेंद्र सिंह, राजिक अहमद सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर में बौद्धिक,विज्ञान,वैदिक गणित प्रतियोगिता का आयोजन

छपारा नवभारत। नगर के खै़रमाई माडिया के पास स्थित अशासकीय प्रतिष्ठित विद्यालय श्री आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिवस शनिवार 19 सितंबर को जिला स्तरीय बौद्धिक,विज्ञान, वैदिक गणित प्रतियोगिता आयोजन किया गया था।

जिसके प्रारंभिक सत्र में श्री बैनगंगा बाल कल्याण समिति छपारा के उपाध्यक्ष सोहन कश्यप, व्यवस्थापक, सुनील दत्त पाठक, सह व्यवस्थापक विकास सिंह ठाकुर, मनोनीत सदस्य शैलेन्द्र चौरसिया, सदस्यों में राकेश तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, श्रीमति आशा किरण तिवारी,श्रीमति सरोज जायसवाल, सिवनी विद्यालय के प्राचार्य एवं सह विभाग समन्वयक, विभाग छिंदवाडा के ओमप्रकाश यादव, धूमा विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं जिला वैदिक गणित प्रमुख शिवकुमार अग्रवाल, घंसौर विद्यालय के प्र.प्राचार्य एवं जिला बौद्धिक प्रमुख नरेन्द्र सिहोरे एवं पांच विद्यालय के आये आचार्य / दीदी एवं छपारा विद्यालय की सेवानिवृत्त आचार्या एवं प्र. प्रधानाचार्य श्रीमति सीमारानी नामदेव एवं सभी आचार्य / दीदी की उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता में सिवनी, कुरई, केवलारी, घंसौर, धूमा एवं छपारा इस प्रकार कुल छः विद्यालय में से

146 भैया बहिनों भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक रूप में नगर के प्रतिष्ठित शासकीय शिक्षक, सेवानिवृत्त शिक्षक एवं योग्य विषय विशेषज्ञयों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में महाकौशल प्रांत के प्रादेशिक सह सचिव, सिवनी विद्यालय के अध्यक्ष, एवं छपारा विद्यालय के पालक अधिकारी नितिन चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में सिवनी विद्यालय के कोषाध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी एवं श्री बैनगंगा बाल कल्याण समिति छपारा की अध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक श्रीमति नीता पटेरिया एवं उपस्थित सह विभाग समन्वयक एवं प्राचार्य / प्रधानाचार्य एवं समस्त आचार्य दीदियों एवं भैया बहिनों की उपस्थिति रही, प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान प्राप्त भैया बहिनों को सील्ड एवं तृतीय स्थान प्राप्त भैया बहिनों को मैडल प्रदान किया गया।

तकनीकी पढ़ाई में हिंदी की दस्तक

आज शहर में होगा 69 अभिलेखों पर मंथन

नवभारत, जबलपुर। इंजीनियरिंग और तकनीकी शिक्षा में हिंदी के बढ़ते उपयोग को लेकर रविवार को शहर में राष्ट्रीय स्तर पर मंथन होगा। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), जबलपुर लोकल सेंटर की ओर से 'हिंदी में तकनीकी शिक्षा का भविष्य : शिक्षण-अधिगम और करियर परिप्रेक्ष्य' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। संगोष्ठी में तकनीकी शिक्षा को हिंदी में उपलब्ध कराने की राह में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर चर्चा होगी। तकनीकी विषयों की पुस्तकों के हिंदी में लेखन और प्रकाशन, पारिभाषिक शब्दावली तैयार करने, भाषा को सरल और सटीक बनाने के साथ विद्यार्थियों के सीखने और करियर पर इसके प्रभाव जैसे मुद्दे विमर्श के केंद्र में रहेंगे।

प्रतिभागियों द्वारा किया जाएगा वाचन

कार्यक्रम के दूसरे चरण में देश-विदेश से प्राप्त 69 अभिलेखों का प्रतिभागियों द्वारा वाचन किया जाएगा। इनमें तकनीकी शिक्षा के हिंदीकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं और संभावित समाधानों पर विचार रखे जाएंगे। इसके बाद समापन सत्र में पूरे विमर्श के निष्कर्षों और प्रस्तावों को सामने रखा जाएगा।



ओवरलोड डंपरों से पलारी-कलारवाकी मार्ग बदहाल, गड्ढों से राहगीर परेशान

पलारी नवभारत। पलारी से कलारवाकी मार्ग पर लगातार दौड़ रहे ओवरलोड डंपरों के कारण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़क की हालत खराब होती जा रही है। भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क पर जगह-जगह गहरे-गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी आवागमन करते हैं। सड़क पर बने गड्ढों और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। वहीं, दोपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है।

आयोजन | विजेताओं को शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र के साथ गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रांज मेडल से सम्मानित किया गया

संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शानदार आयोजन

सिवनी नवभारत। 19 एवं 20 सितंबर 2026 दो दिवस फुटबॉल स्टेडियम सिवनी के एथलेटिक्स मैदान में संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शिवराज सिंह कुमरे, संयुक्ता उईके सहायक परियोजना समन्वयक शिक्षा, राकेश रंजन मेहता सहायक संचालक, संजीव राय एपीसी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

सभी जिलों के बच्चों में काफी उत्साह दिखा ,इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक पूर्ण करने में जस्सी थॉमस जिला क्रीड़ा अधिकारी सिवनी, देवेंद्र सिंह ठाकुर जिला क्रीड़ा एवं कल्याण निरीक्षक ,मनीष मिश्रा विधायक प्रतिनिधि खेल सिवनी, एवं सिवनी जिले के समस्त व्यायाम निर्देशक, व्यायाम शिक्षक का कुशल निर्णय रहा। समस्त जिले से आए हुए बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के आवास की व्यवस्था नगर की विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में किया गया ,सभी आवासीय बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को हरी मेट, गद्दे एवं चादर उपलब्ध कराया गया, सभी जिलों के कोच मैनेजर एवं ऑफिशियल्स ने सिवनी में उत्तम खिलाड़ियों की आवास व्यवस्था,मैदान में प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था, फुटबॉल स्टेडियम मैदान की साफ सफाई एवं सुंदरता, नगर पालिका परिषद के द्वारा साफ सफाई की व्यवस्था एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता निर्विवादित कुशल नेतृत्व के साथ संपन्न किए जाने पर सभी निर्णायकों का आभार व्यक्त किया।

ज्ञात होवे कि यहां से जो बच्चे प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए हैं वे सभी खिलाड़ी आगामी तिथि में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे।

ब्रांज मेडल से सम्मानित किया गया

इस प्रतियोगिता में जबलपुर जिला, छिंदवाड़ा जिला, मंडला जिला,नरसिंहपुर जिला, बालाघाट जिला एवं सिवनी के समस्त दौड़, कूद एवं फेक में बालक बालिका ने सहभागिता की। प्रत्येक जिले से लगभग 100 खिलाड़ियों ने अपने विभिन्न एथलेटिक इवेंट्स में सहभागिता कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी के द्वारा प्रवीण प्रमाण पत्र के साथ गोल्ड, सिल्वर एवं ब्राज मेडल से सम्मानित किया गया।

श्रद्धा से मनाया राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस

कुरई नवभारत। विकासखंड कुरई के ग्राम सिल्लौर में आयोजन समिति के तत्वावधान में महान क्रांतिकारी राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दोनों वीर शहीदों के चित्र पर पूजन-अर्चन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के जीवन, संघर्ष और देश की स्वतंत्रता के लिए दिए गए बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका साहस और राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में बरघाट-कुरई विधानसभा के पूर्व विधायक अर्जुन सिंह ककोडिया, जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तेजसिंह रघुवंशी, रमकचंद वरकड़े, दिलीप कर्वेती, सुनील राठौर, सुभाष धुर्वे, भागवत अड़माचे, लक्ष्मण मड़ावी, प्रदीप मरकाम, संजय मरकाम, राजेंद्र ककोडिया, जयराम उइके, सीताराम तेकाम, महेश इनवाती, अरविंद सरयाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रीयजन उपस्थित रहे।